**सुविचार**
**"कठोर परिश्रम और धैर्य ही सफलता के मूल मंत्र है।"**
tarangnews2024@gmail.com

# तरंग

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल का मासिक ई - न्यूज़लेटर

माह- अप्रैल 2026 अंक-34वां




## NCC के तृतीय वर्ष के कैडेट्स के साथ आयोजित बैठक

**एनसीसी के तृतीय वर्ष के कैडेट्स के साथ एक आत्मीय बैठक का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय एवं ए.एन.ओ. डॉ.वर्षा चौहान ने सभी पासिंग आउट कैडेट्स को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दी । उन्होंने आशा व्यक्त की कि ये कैडेट्स एनसीसी के आदर्शों—एकता, अनुशासन और सेवा को अपने जीवन में अपनाकर राष्ट्र के गौरव को और ऊँचा करेंगे।**

# उपलब्धियां

## प्राचार्य डॉ. संजय जैन का स्वदेश न्यूज चैनल पर इन्टरव्यू




## जिला स्तरीय साहित्यिक अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन






महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय भोपाल में निराला सृजन पीठ और साहित्य अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय साहित्यिक अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पांच चक्र में आयोजित इस प्रतियोगिता में बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल से कला संकाय के तीन विद्यार्थियों -शशि वंशकार, रूक्मणी रैकवार और मनन दीक्षित ने सहभागिता की।सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय जैन, हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.सुषमा जादौन, सदस्य -डॉ.कमलेश सिंह नेगी तथा डॉ.सविता डहेरिया ने प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## चित्रकूट में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के 23वें मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर

कॉलेज में एनएसएस स्वयंसेवक सुश्री रोशनी रजक (बीएससी तृतीय वर्ष) के स्वागत और अभिनंदन समारोह की झलकियाँ, जिन्होंने 8 से 14 मार्च 2026 तक चित्रकूट में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के 23वें मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया था।





## बधाई संदेश



सत्र 2025-26 बी कॉम प्रथम वर्ष की नियमित छात्रा कु. वैष्णवी सिंह पुत्री श्री धर्मेंद्र सिंह ने इंडियन एकाउंटिंग एसोसिएशन द्वारा 9 मार्च 26 को आयोजित नेशनल एकाउंटिंग टैलेंट सर्च 25-26 में जोन बेस्ड एक्सीलेंट अवार्ड प्राप्त कर वाणिज्य विभागएवं महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। वैष्णवी द्वारा अर्जित अवार्ड के लिए महाविद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं दी गई।

## प्री वायवा का आयोजन

कॉलेज अनुसंधान केंद्र में, गाज़िया खान ने वाणिज्य संकाय, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल, के अन्तर्गत शीर्षक 'मध्य प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की समस्याएं और संभावनाएं (विदिशा जिले का एक केस स्टडी)' पर अपने शोध कार्य की पूर्व प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा शोधार्थी से प्रश्न किये गए और सुश्री गाजिया खान द्वारा संतोषजनक उत्तर दिये गए। सुश्री गाजिया खान ने अपना शोध कार्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है।









## राज्य स्तरीय शिक्षक खेलकूद प्रतियोगिता

राज्य स्तरीय शिक्षक कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 में डॉ दीक्षा बर्डे द्वारा शतरंज प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया गया एवं डॉ. मुत्तकीन अहमद द्वारा बैडमिंटन एवं लॉन टेनिस की कुल 6 प्रतियोगिताओं में 3 स्वर्ण पदक और 3 सिल्वर प्राप्त किए गए।







# महाविद्यालयीन गतिविधियां

## कर्मयोगी पोर्टल:टेक्निकल सेशन का आयोजन

कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों में न्यूनतम 15 घंटे का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के संबंध में टेक्निकल सेशन का आयोजन किया गया इस सेशन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा " IGOT कर्मयोगी" पर उपलब्ध विभिन्न विषयों से संबंधित रिकॉर्डेड वीडियो का अवलोकन भी किया। इन वीडियो के माध्यम से शिक्षकों ने अपने ज्ञान एवं कौशल को और अधिक समृद्ध किया।




## पासिंग आउट सेरेमनी का आयोजन

एनसीसी के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के कैडेट्स द्वारा तृतीय वर्ष के कैडेट्स के लिए " पासिंग आउट सेरेमनी " का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य महोदय डॉ. संजय जैन, विभागाध्यक्ष गणित डॉ. अर्चना जैन एवं ए.एन.ओ. लैफ्टिनेंट डॉ. वर्षा चौहान, अंडर ऑफिसर ए. करन द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जूनियर कैडेट्स द्वारा सीनियर्स को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए तथा आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गईं। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कैडेट्स ने जूनियर्स को अपने अनुभव साझा करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। प्राचार्य महोदय ने तृतीय वर्ष के कैडेट्स को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दीं तथा एएनओ द्वारा कैडेट्स को अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्र सेवा के प्रति प्रेरित करते हुए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया।कार्यक्रम में खेल अधिकारी श्री फिरोज खान एवं श्रीमती आरती पटेल नेअपनी उपस्थिति से कैडेट्स का उत्साह वर्धन किया। अंत में सभी कैडेट्स द्वारा एनसीसी गीत के माध्यम से कार्यक्रम का समापन किया गया, जिससे वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया।









## मनोबल सत्र का आयोजन

नेशनल टास्क फोर्स के अंतर्गत तनाव प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर आधारित मनोबल सत्र का चार दिवसीय आयोजन किया गया है। दिनांक 14 मार्च 2026 को द्वितीय सत्र में, श्री मनोज कुमार शर्मा , आईपीएस, पुलिस महानिरीक्षक ,महाराष्ट्र द्वारा बिना तनाव के अपने लक्ष्य को कैसे प्राप्त करें विषय पर दिए गए व्याख्यान का लाइव प्रसारण विद्यार्थियों को दिखाया गया एवं विद्यार्थियों द्वारा अपने मोबाइल से जुड़कर भी उक्त कार्यक्रम का लाभ उठाया गया। लाइव प्रसारण दिखाने के पश्चात कार्यक्रम प्रभारी डॉ.अर्चना शर्मा द्वारा परीक्षा की तैयारी बिना तनाव के कैसे की जाए विषय पर विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। डॉ.अनुराधा दुबे, डॉ.समता जैन, डॉ. अर्चना जैन, डॉ. शीला कुमार, डॉ. मीता बादल द्वारा आयोजित खुले मंच में विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रियंका विश्वकर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर गीता चौहान द्वारा आभार व्यक्त किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

महाविद्यालय नेशनल टास्क फोर्स के अंतर्गत तनाव प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर आधारित मनोबल सत्र का आयोजन किया गया। चार दिवसीय सत्र के प्रथम सत्र में (दिनांक 13/03/26) को डॉक्टर तन्मय जोशी द्वारा शैक्षणिक एवं मनोवैज्ञानिक तनाव से निपटने की रणनीतियां ऑनलाइन बताई गई। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ समता जैन ,डॉ.अर्चना जैन एवं डॉ. वर्षा चौहान द्वारा विद्यार्थियों से शैक्षणिक एवं मनोवैज्ञानिक तनाव से निपटने की रणनीतियों पर चर्चा की गई । कंप्यूटर विषय की अतिथि विद्वान श्रीमती पूनम बरबड़े द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया एवं आभार प्रदर्शन डॉ अर्चना गौर (कार्यक्रम प्रभारी) द्वारा किया गया। उक्त सत्र में महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की।




## भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत “सुरक्षित भारत, सशक्त भारत” विषय पर साइबर क्राइम एवं डिजिटल क्राइम जागरूकता

राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत “सुरक्षित भारत, सशक्त भारत” विषय पर साइबर क्राइम एवं डिजिटल क्राइम जागरूकता हेतु वीडियो प्रदर्शन एवं व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा से संबंधित जागरूकता वीडियो का प्रदर्शन कराया गया। इसके पश्चात बी.एससी. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी नितिन कुमार अहिरवार ने साइबर सुरक्षा विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए अपना अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किया। इस अवसर पर डॉ. वर्षा चौहान द्वारा छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों जैसे फिशिंग, एडवेयर, स्पैम-वर्क एवं वायरस आदि के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. उमेश साकल्ले ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध से संबंधित शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी प्रदान की। डॉ. मीता बादल ने विद्यार्थियों को अज्ञात नंबर से आने वाली कॉल्स से सावधान रहने के लिए प्रेरित किया तथा अपना व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए उन्हें जागरूक किया। इसी अवसर पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता का मूल्यांकन गणित विभाग की विभागाध्यक्ष एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. अर्चना जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. समता जैन ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से सदैव सचेत रहने तथा डिजिटल माध्यमों का सतर्कता पूर्वक उपयोग करने की सलाह दी। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।
















## ई-लाइब्रेरी की सुविधा

विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्राचार्य की पहल पर महाविद्यालय के नवीन भवन में प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक कक्ष क्रमांक 28 में ई-लाइब्रेरी की सुविधा प्रारंभ की गई है इस में विद्यार्थियों को आधुनिक कंप्यूटर एवं इंटरनेट से युक्त सुविधाएँ मिल रही हैं, जिससे वे डिजिटल माध्यम से अध्ययन कर सकें। विद्यार्थियों द्वारा इस सुविधा का बड़े उत्साह एवं रुचि के साथ उपयोग किया जा रहा है। विशेष रूप से विद्यार्थी ई-बुक, ऑनलाइन अध्ययन सामग्री तथा डिजिटल डिक्शनरी का उपयोग कर अपने ज्ञान को समृद्ध कर रहे हैं। इस व्यवस्था के संचालन में ई-लाइब्रेरी प्रभारी डॉ. पी.एन. राज द्वारा समुचित मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। वहीं कंप्यूटर लैब प्रभारी डॉ. प्रीति जौहरी द्वारा तकनीकी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। विद्यार्थियों को कंप्यूटर संचालन में सहयोग देने हेतु कंप्यूटर प्रशिक्षक श्रीमती पूनम वरवड़े निरंतर सहयोग प्रदान कर रही हैं। ई-लाइब्रेरी के संचालन के दौरान डॉ. कमलेश सिंह नेगी, डॉ. संजय बाणकर एवं डॉ.गीता चौहान उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल अध्ययन सामग्री के उपयोग के लिए प्रेरित किया।समग्र रूप से यह कहा जा सकता है कि महाविद्यालय में प्रारंभ की गई ई-लाइब्रेरी सुविधा विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है, तथा विद्यार्थी कंप्यूटर एवं इंटरनेट आधारित अध्ययन संसाधनों का लाभ उठाकर अपने शैक्षणिक स्तर को उन्नत कर रहे हैं।











# "सबका साथ सबका विकास पर आयोजित कार्यक्रम "

पोस्ट बजट वेबीनार प्रसंग 2026 "सबका साथ सबका विकास 2026-27" का आयोजन 9 मार्च 2026 को 10 15 a.m से 6:00 pm तक किया गया, कार्यक्रम का संचालन चैतन्य चितलीकर ने किया, जिसमें एजुकेशन स्किल एंड यूनिवर्सिटी टाउनशिप विषय पर गृह-मंत्रालय से ए. श्रीजा मैडम ने व्याख्यान दिया और विद्यार्थी वीर सिंह ने अपना वक्तव्य दिया। भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा कि बजट किसी भी सरकार का संकल्प भी होता है। आज चौथा बजट वेबीनार आयोजन के अवसर पर बोल रहे थे। हमारे लोग और आयुर्वेद पूरी दुनियां में पॉपुलर हो रहे हैं। आने वाले दशक में देश में सीनियर सिटीजन की संख्या तेजी से बढ़ेगी। इसलिए हेल्थ सेक्टर के विशेषज्ञ नई योजनाओं पर ध्यान दें। टेलीमेडिसिन आज तेजी से बढ़ रहा है। आज भारत का युवा कुछ नया करना चाहता है। इसलिए हमें अपने एजुकेशनल सेक्टर को निरंतर अपडेट करते रहना है। हमारी कोई भी बेटी अवसरों से वंचित नहीं होना चाहिए। हमारी बेटियां देश का भविष्य है। देशभर में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। युवा शक्ति तब राष्ट्रीय शक्ति बनती है जब वह स्वस्थ हो, अनुशासित भी हो। अगले कुछ वर्षों में देश में कॉमनवेल्थ खेल आयोजित होंगे इस हेतु हमें अपने देश की प्रतिभाओं को तराशना है। टूरिज्म सेक्टर में विकास की अपार संभावना है। जब संस्थाएं मिलकर काम करती हैं तो परिवर्तन की गति तेज हो जाती है। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में सभी प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थियों की गरिमामय उपस्थिति रही।












## सफलता के मंत्र 'संवाद'

माननीय मुख्यमंत्री जी के मुख्य आतिथ्य में कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेनशन हाल मिंटो हाल मे आयोजित सफलता के मंत्र कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. उमेश साकल्ले, डॉ.अर्चना गौर ,प्रो. शालिनी तिवारी, डॉ. गीता चौहान एवं श्री फिरोज खान सहित 30 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।









## English Department had a lecture on English Language and Communication given by Vikash Pandit student of B A final





# अन्तर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर चर्चा














विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम विषय पर वाणिज्य विभाग द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य के निर्देशानुसार एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. आर. के. शर्मा के नेतृत्व में डॉ. डी. वी. जैसवाल सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक एवं सतर्क बनाना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के सचिव श्री दीपक बाबू श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की ठगी से बचने के लिए सदैव सजग रहने का संदेश दिया।

श्री श्रीवास्तव ने बताया कि आजकल मूड मेकिंग विज्ञापनों के माध्यम से उपभोक्ताओं को प्रभावित किया जाता है। कई बार विज्ञापनों में ऐसे डार्क पैटर्न का उपयोग किया जाता है, जिनसे उपभोक्ता को कुछ और समझ में आता है, जबकि वास्तविकता कुछ और होती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को विज्ञापनों को समझने तथा उनमें छिपे संदेश को पहचानने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि किसी भी उत्पाद या सेवा को लेने से पहले उपभोक्ता को उसकी पूरी जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। यदि किसी प्रकार की शिकायत हो तो उपभोक्ता को शिकायत करने की प्रक्रिया भी पता होनी चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. जयश्री मालवीय द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. आर. के. शर्मा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



वाणिज्य विभाग के अंतर्गत बी कॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा डॉ. जयश्री मालवीय के दिशा निर्देशन में आंतरिक मूल्यांकन के तहत अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर उपभोक्ता एक्ट के विभिन्न पहलुओं उपभोक्ता अदालत की ड्रिल एक्टिविटी के माध्यम से विचारों का प्रस्तुतिकरण किया गया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आर के शर्मा , डॉ प्रीति मिश्रा, डॉ चित्रा खरे, श्रीमती अनुपमा गीते उपस्थित रहे।









# स्टूडेंट कॉर्नर

## नयी कलम से............

### हे माँ सरस्वती शारदे।

मेरी जिह्वा पर विराजो माँ
अज्ञानता को मुझसे दूर करो।
मैं तो तेरी बेटी हूँ
मुझ पर थोड़ा उपकार करो।
हे माँ सरस्वती शारदे।।

रास्ते में मेरे अज्ञानता के काँटे है
आप उनको छाँट दो।
मुझको बल, बुद्धि, ज्ञान दो
कलम को मेरी वरदान दो।
हे माँ सरस्वती शारदे।।

पर-उपकार की भावना हो
सच्चे मन की कामना हो।
मुझे मन की कामना हो।
मुझे इतने संस्कार दो
मेरा जीवन सवार दो
हे माँ सरस्वती शारदे।।

क्रोध, लोभ को मुझसे दूर करो
त्याग, प्रेम को मुझमे भरो।
गुरुओं को प्रणाम करूँ।
सभी का सम्मान करूँ।
हे माँ सरस्वती शारदे।।

विनती मेरी मान लो
मुझ को सारा ज्ञान दो।
मैं तो तेरी बेटी हूँ
मुझको ये वरदान दो।

नाम-रूकमणी रैकवार
कक्षा-बी.ए. तृतीय वर्ष

## प्रतिक्रियाएँ ई-मेल द्वारा प्राप्त

तरंग का अप्रैल अंक बहुत अच्छा लगा।अगले अंक में और अच्छी जानकारी मिलेगी, मुझे आशा है।

पीयूष राजपूत
बीए द्वितीय वर्ष

मुझे ई न्यूज लेटर तरंग बहुत अच्छा लगता है। तरंग स्टार, स्टूडेंट्स कॉर्नर दोनों स्तंभ बहुत अच्छे हैं।

श्रद्धा लोधी
बीए तृतीय वर्ष

# तरंग स्टार



रोशनी रजक , बी.एस. सी तृतीय वर्ष की छात्रा इस अंक की तरंग स्टार हैं।




महाविद्यालय परिवार ने रोशनी रजक को बधाई दी है।

ये छात्रा इस अंक की 'तरंग' स्टार हैं।



# समाचार पत्रों से



City भास्कर

भोपाल • बुधवार, 1 अप्रैल, 2026 | 4

साहित्यिक अंताक्षरी

रवींद्र भवन में अंताक्षरी के दौरान टीम में शामिल प्रतिभागी साहित्यकार

शब्दों का मुकाबला दोहे, चौपाइयों, कवित्त और भजनों से खेली गई अंताक्षरी

## थर थर कांपहिं पुर नर नारी... तुलसीदास का ये पद सुनाकर विजेता बनी महादेवी वर्मा टीम

सिटी रिपोर्टर • भोपाल

निराला सृजन पीठ की ओर से मंगलवार को रवीन्द्र भवन में साहित्यिक अंताक्षरी आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में शहर के लेखक, कवि, साहित्यकारों समेत साहित्य प्रेमियों ने भी हिस्सा लिया। इसमें तीन-तीन साहित्यकारों को एक टीम में रखा गया, कवियों के नाम दिए गए। टीम तुलसी को ह वर्ण से शुरुआत करने को कहा गया।

उन्होंने मीरा बाई का भजन पढ़ा- हे री मैं तो प्रेम दीवानी, मेरा दर्द न जाने कोय...। अब बारी टीम भूषण की थी। उन्हें कोय शब्द के आखिरी अक्षर य से पढ़ने की चुनौती मिली। भूषण टीम ने संत कबीरदास का दोहा पढ़ा- यह तन काचा कुंभ है, लियां फिरै था साथ। ढबका लागा फुटि गया, कछू न आया हाथ॥ इसके जवाब में महादेवी वर्मा टीम चुप नहीं रही। उन्होंने झटपट चौपाई सुनाई- थर थर कांपहिं पुर नर नारी, छोट कुमार खोट बड़ भारी...। इसके बाद सुभद्रा कुमारी टीम ने र अक्षर से श्रीरामचरितमानस के लंका कांड की प्रसिद्ध चौपाई गाई - रावनु रथी बिरथ रघुबीरा। देखि बिभीषन भयउ अधीरा॥

### अब स्कूलों में कराएंगे अंताक्षरी

कार्यक्रम में निदेशक डॉ. साधना बलवटे ने कहा - इस नवाचार के प्रति साहित्यकारों ने अद्भुत उत्साह दिखाया है। पहले के समय में अंताक्षरी दोहे-चौपाई की ही खेली जाती थी। वर्तमान समय में हम केवल अपना लिखा पढ़ने के आदी हो गए हैं। हमें दूसरों को भी पढ़ना चाहिए। हमें साहित्य की अमूल्य धरोहर को भी अपनी स्मृति में सहेजने का प्रयास करना चाहिए। बलवटे ने बताया- साहित्यकारों के बीच अंताक्षरी का आयोजन भोपाल में पहली बार हुआ है। पहले कॉलेज लेवल पर ऐसा कॉम्पीटिशन करवाया, जिसके बाद ही साहित्य प्रेमियों के बीच ऐसी प्रतियोगिता का विचार आया। अब स्कूल लेवल पर ऐसी अंताक्षरी कराना है ताकि छोटी उम्र में बच्चों में साहित्य, दोहों और कविताओं को पढ़ने, तलाशने और उनके अर्थ समझने की ख्वाहिश जाग सके।

### 12 टीमों में मुकाबला

प्रतियोगिता में 12 टीमें शामिल हुईं। हर टीम में 3 सदस्य थे। पहला राउंड अंतिम अक्षर से कविता पाठ का था। दूसरा राउंड में चिट्ठी उठाकर उसमें लिखे शब्द पर कविता पढ़ने का था। आखिरी तीन टीमों को पहला, दूसरा और तीसरा पुरस्कार दिया गया। महादेवी वर्मा टीम पहले स्थान पर [illegible]



## नए अंदाज में अंताक्षरी... दिनकर निराला की कविताओं में मुकाबला

सिटी रिपोर्टर • भोपाल

रहीम दास की रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून और सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की वर दे, वीणा वादिनि... जैसी चर्चित कविताओं के स्वर मंगलवार को महारानी लक्ष्मीबाई पीजी कॉलेज में सुनाई दिए। मौका था साहित्यिक इंटर कॉलेज अंताक्षरी के आयोजन का।

कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने भक्तिकाल, रीतिकाल से लेकर छायावाद तक लिखी गई प्रमुख कवियों—भूषण, सूरदास, तुलसीदास, केशवदास, पद्माकर, घनानंद, बिहारी, रामधारी सिंह दिनकर, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, मैथिलीशरण गुप्त और महादेवी वर्मा की रचनाओं को अंताक्षरी के माध्यम से प्रस्तुत किया। दिनकर की चर्चित कविता... दो में से क्या तुम्हें चाहिए कलम या कि तलवार, मन में ऊंचे भाव कि तन में शक्ति विजय अपार... अंताक्षरी का [illegible]

एमएलबी कॉलेज विनर, दूसरे पर नूतन और तीसरे स्थान पर उत्कृष्ट महाविद्यालय के छात्र-छात्रा रहे।

### कवियों के नाम पर टीमें बनाई

निराला सृजन पीठ की 'वर दे' श्रृंखला के तहत हुई अनूठी अंताक्षरी में भोपाल के 8 कॉलेजों के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। टीमों के नाम भी महान साहित्यकारों पर आधारित थे। जैसे निराला दल, सुभद्रा कुमारी चौहान दल, महादेवी दल, [illegible]

### दिनकर का वीर रस काव्य

6 राउंड में हुई प्रतियोगिता का पहला चरण सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की कविताओं पर आधारित रहा। यहां स्टूडेंट्स ने 'राम की शक्ति पूजा' से रवि हुआ अस्त, ज्योति के पत्र पर लिखा अमर, रह गया राम-रावण का अपराजेय समर, और 'वर [illegible]



**दैनिक भास्कर भोपाल 10.3.2026**

## भेल कॉलेज के नए भवन में ई-लाइब्रेरी शुरू


भोपाल | बाबूलाल गौर शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय, भेल के नवीन भवन में विद्यार्थियों की शैक्षणिक जरूरतों को देखते हुए कक्ष क्रमांक 28 में ई-लाइब्रेरी सुविधा शुरू की गई है। यह सुविधा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक उपलब्ध रहेगी। यहां आधुनिक कंप्यूटर और इंटरनेट के माध्यम से छात्र ई-बुक, ऑनलाइन अध्ययन सामग्री और डिजिटल डिक्शनरी का उपयोग कर रहे हैं।

# कार्यक्रम की विवरणिकाएँ












# आगामी कार्यक्रम

- NCC/NSS की गतिविधियाँ
- सोमनाथ उत्सव के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता
- परियोजना कार्य/इन्टर्नशिप की मौखिकी
- भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के आयोजन
- वार्षिक परीक्षा प्रारंभ

# संपादक की पाती

माह- अप्रैल 2026 का ‘ तरंग ’ अंक आपके हाथों में है। यह अंक आपको कैसा लगा, हमें अवश्य बताएँ । आपकी टिप्पणी / सुझावों की हमें प्रतीक्षा रहेगी । विद्यार्थी अपनी रचनाएँ, सुझाव, प्रतिक्रिया और उपलब्धि ‘स्टूडेंट कॉर्नर’ के लिये tarangnews2024@gmail.com पर मेल कर सकते हैं।



**मोबाइल पर मिलेंगी जानकारियाँ**

**जुड़िए हमारे NEWS Letter**

**TARANG SE**

**तरंग से**




**सौजन्य ई-न्यूजलेटर समिति:-** डॉ. सुषमा जादौन (संयोजक)
डॉ. दीक्षा बरडे, डॉ. वर्षा चौहान
श्रीमति पूजा शर्मा (कम्प्यूटर वर्क)